D 92209 (Pages : 3) Name..........04..........

Reg. No..............................

THIRD SEMESTER B.A./B.Sc. DEGREE EXAMINATION, NOVEMBER 2015

(CUCBCSS–UG)

Common Course—Hindi

A 09—LITERATURE IN HINDI

Time : Three Hours Maximum : 80 Marks

I. (क) कोष्ठकों से सही उत्तर चुनकर लिखिए :

1 सूरदास के गुरू कौन थे ?

(रामानुजाचार्य, वल्लभाचार्य, माध्वाचार्य, गुरू नानक)

2 'सौन्दर्यबोध' का कवि कौन है ?

(धूमिल, नरेश मेहता, सर्वेश्वरदयाल सक्सेना, धर्मवीर भारती)

3 पंत की किस रचना को ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला ?

(ग्राम्या, स्वर्ण किरण, चिदंबरा, गुंजन)

4 इनमें कौन-सी कहानी प्रेमचन्द की नहीं है ?

(नमक का दारोगा, कफन, गैंग्रीन, शतरंज के खिलाडी)

5 वह चीनी भाई गद्य की किस विधा की रचना है ?

(निबंध, संस्मरण, रेखाचित्र, जीवनी)

(ख) उचित शब्दों से **खाली** जगहों को भरिए :

6 'भगत की गत' का रचनाकार है ———— ।

7 सूरदास की कीर्ति का आधार स्तंभ है ———— ।

8 कबीर की वाणी का प्राचीनतम और प्रामाणिक संग्रह ———— में उपलब्ध है ।

9 'मुझे कदम-कदम पर' ———— की लिखी कविता है ।

10 'जहाँ आकाश नहीं दिखाई देता' ———— का लिखा यात्रा वृत्तांत है ।

(10 × 1 = 10 marks)

Turn over

II. किन्हीं **दस** प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए :

11 मासिक वेतन और ऊपरी आय के संबंध में वंशीधर के पिता क्या राय है ?

12 सतगुरू के संबंध में कबीर का विचार क्या है ?

13 अविगत-गति कछु कहत न आवै
ज्यों गूँगे मीठे फल कौ रस अंतरगत ही भावै— इन पंक्तियों का मतलब क्या है ?

14 पति के घर जानेवाली ग्राम वधु से माँ, मौसी और सखियाँ क्या-क्या कहती हैं ?

15 'यमराज की दिशा' के कवि को माँ ने क्या उपदेश दिया था ?

16 "एक औरत बालकनी में आधी रात खडी हुई इंतज़ार करती है"—'औरतें' कविता की यह औरत किसका इंतज़ार करती है ?

17 चौराहे पर खड़े होते वक्त कवि को क्या-क्या सुनने को मिलते हैं ?

18 अजंता के चित्र और एलोरा की मूर्तियों को देखने पर कवि के मन में कौन-सा विचार आता है ?

19 "जो लोग बाहर विशुद्ध खद्दरधारी होते हैं वे भी विदेशी रेशम के थान खरीद कर रखते हैं, इसी से तो देश की उन्नति नहीं होती"—यह प्रसंग किस रचना का है ? ये वाक्य कौन किसकी ओर संकेत कर कहता है ?

20 "सारा देश धूमा हूँ ऐसी सादगी बहुत कम देखी है । न है प्रसाधन, न है शोखी, न चटक-मटक ।"—यह प्रसंग कि रचना का है ? ये वाक्य कौन किसके संबंध में कह रहा है ?

21 भगवान भक्त को क्यों हत्यारा मानते हैं ?

22 पंडित अलोपीदीन का परिचय दीजिए ।

(10 × 2 = 20 mark

III. किन्हीं **चार** अवतरणों की संदर्भसहित व्याख्या कीजिए :

23 चरण-कमल बंदौ हरि-राइ ।
जाकी कृपा पंगु गिरि लंघै, अंधे को सब कछु दरसाई
बहिरौ सुनै, गूँग पुनि बोलै, रंक चलै सिर छत्र धराई ।
सूरदास स्वामी करूनामय, बार-बार बंदौ तिहिं पाई ।।

24 मदिरा की वह नदी बहाती आती,
थके हुए जीवों को वह सस्नेह,
प्याला एक पिलाती,
सुलाती उन्हें अंक पर अपने,
दिखलाती फिर विस्मृति के कितने मीठे सपने ।

25 आज की दुनिया में

विवशता,

भूख,

मृत्यु,

सब सजाने के बाद ही

पहचानी जा सकती है ।

26 उनके पास सत्य के सिवा न कोई बल था, न स्पष्ट भाषण के अतिरिक्त कोई शस्त्र । गवाह थे, किन्तु लोभ में डाँवाँडोल ।

27 गोया कि आपकी व्यक्तिगत जिन्दगी बिलकुल व्यक्तिगत नहीं है—उसे केवल इन विज्ञापनदाताओं के परामर्श से री जिया जा सकता है ।

28 हम कार्बन की काँपियाँ नहीं हैं । हमारी भी एक कथा है । यदि जीवन की वर्णमाला के संबंध में तुम्हारी आँखें निरक्षर नहीं तो तुम पढ़कर देखो न !

(4 × 5 = 20 marks)

V. किन्हीं **दो** प्रश्नों के विस्तृत उत्तर लिखिए :

29 पठित यात्रा वृत्तांत के आधार पर कलकत्ता नगर के स्वरूप का परिचय दीजिए ।

30 'औरतें' कविता में अभिव्यक्त नारी जीवन की विसंगतियों पर प्रकाश डालिए ।

31 'ए.बी.सी.डी.' में दो भिन्न संस्कृतियों या जीवन मूल्यों के बीच के द्वंद्व का चित्रण हुआ है—स्पष्ट कीजिए ।

(2 × 15 = 30 marks)